रेडिका/रायबरेली

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

13.02.2019

महाप्रबंधक सुनीत शर्मा आरेडिका द्वारा रमेश एन. को साइकलिंग चैम्पियशिप प्रतियोगिता में रजत पदक के लिए किया गया सम्मानित

महाप्रबंधक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के द्वारा आज दिनांक 13.02.2019 को रमेश एन. को साईकलिंग स्पर्धा मे रजत पदक जीतने पर सम्मानित किया गया एवं नकद पुरस्कार प्रदान किया।

56वीं अखिल भारतीय रेलवे साइकलिग चैम्पियशिप प्रतियोगिता का आयोजन सिकन्दराबाद में दिनाँक 08.01.2019 से 10.01.2019 तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे व उत्पादन ईकाइयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया था । उपरांत श्री रमेश कैम्प में भाग ले रहे थे।

इस प्रतियोगिता में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना की ओर से रमेश एन ने 200 मीटर साईकिल दौड़ स्पर्धा में भाग लिया था जिसमें उन्होंने इस स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया था।

यह पदक आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के लिए खेल–कूद के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है । श्री रमेश एन साइकलिंग के अन्तराष्ट्रीय खिलाड़ी है। ये तमिलनाडु के रहने वाले हैं व इनकी आरेडिका रायबरेली में वर्ष 2017 में खेल–कूद कोटे के अन्तगर्त नियुक्ति हुई है । श्री रमेश एन राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक प्राप्त कर चुके है। इस अवसर पर श्री दावा छेरिंग अध्यक्ष, श्री राम नारायण मीना उपाध्यक्ष, एवं आरेडिका क्रीड़ा संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

(आर.पी.शर्मा) 13/2/19

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी

RCF/RBL